# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जुलाई 2007 (अंक 170) | July 2007 (Issue 170)




श्री रामगोपाल गार्ड, जिल्हा प्रमुख, जयपुर, वेतन बचत दिवस समारोह के अवसर पर श्री. दिनेश गुप्ता, प्रबंधक (वित्त), राजस्थान, स्टेट शुगर मिल्स्, जयपुर को वेतन बचत समूह योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्री. बी.एस. मीना, उपक्षेत्रीय निदेशक, श्री. एम.के. मल्होत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर, श्रीमती मंजू माथूर, ग्रुप लिडर आर एस एस एम तथा श्री. अशोक कुमार शर्मा, सहायक निदेशक, एन.एस.आय. जयपुर.

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पुरे देश में वेतन बचत दिवस मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान का यह प्रयास रहा है कि समाज के विभिन्न आय वर्गों को उनकी जरूरत के मुताबिक बचत योजना उपलब्ध करायी जाए। वेतन बचत समूह योजना कार्यरत वेतन–भोगी वर्ग के लिये है जो नियमित रूप से प्रतिमाह बचत करते है। बचत की इस पद्धती के अन्तर्गत कर्मचारी अपने नियोक्ता को यह लिखित अधिकार देता है कि अपने नाम डाकघर आवर्ती जमा खाता, लोक भविष्य निधि खाता खोलने एवं वेतन से एक नियत राशी प्रतिमाह काटकर डाकघर में उनके खाते में जमा कर दी जाय तथा डाक घर से राष्ट्रीय बचत पत्र (आठवाँ निर्गम) खरीदा जाए। इस पद्धती से अपने आप नियमित बचत हो जाती है और कर्मचारी को डाकघर जाकर राशी जमा नहीं करना पड़ता।

वेतन बचत योजना को बढ़ावा देने एवं व्यक्तिगत बचत को बढ़ाने के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान प्रति वर्ष 15 जुलाई को वेतन बचत दिवस मनाता है। इस वर्ष भी पुरे देश में 16 जुलाई 2007 को (15 जुलाई रविवार होने के कारण) क्षेत्रीय केन्द्रो पर वेतन बचत दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वेतन बचत योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ईकाईयो/कार्यालयों/संस्थानों के प्रयासों की सराहना की है।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

*http://nsiindia.gov.in.*

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार, नागपुर में राष्ट्रीय बचत संस्थान के सहायक निदेशकों एवं उप निदेशकों के लिये आयोजित पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का परंपरागत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बाये) श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, मुख्यालय एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान के अन्य अधिकारी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने फिल्ड अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 4-6 जुलाई 2007 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर संपूर्ण देश के सहायक निदेशकों और उपनिदेशकों के लिये पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम नागपुर में आयोजित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फिल्ड अधिकारियों को प्रभावपूर्ण एवं गुणवत्ता से फिल्ड में कार्य करने योग्य बनाना था जिससे कि वे राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों की वित्तीय बाजार में हिस्सेदारी बढ़ा सके।

श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहाँ कि फिल्ड अधिकारी राष्ट्रीय बचत संस्थान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में और बचत एकत्रिकरण में जमाकर्ता, अभिकर्ता और सरकार के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, मुख्यालय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण एन.ए.डी.टी.एन.एस.एस.ओ. और एन.एस.आई. के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे संप्रेशन बाजार सर्वेक्षण, समन्वय वस्तु-सूचि नियंत्रण प्रबंधन जन शिकायत एवं उनका निवारण, बचत उत्पादों का तुलनात्मक अध्ययन और आंतकि व्यक्तिगत संबंधो से संबंधित विभिन्न विषयों का समावेश था। श्री डी.के. धाटे, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्या.) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया। इसमें कुल 22 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।



श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर ने वेतन बचत दिवस समारोह का परम्परागत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही (बाये से दाये) श्री पी.टी. टेप्पलवार, मेकेनिकल इंजिनियर (प्रचालन), महाराष्ट्र राज्य रोड परिवहन निगम, श्री आर.जी. घाटोले, वरिष्ठ डिपो मेनेजर श्री डी.के. घाटे, रिजनल डायरेक्टर, राष्ट्रीय बचत संस्थान श्री जे.आर. डाऊ डिपो मेनेजर एम.एस.आर.टी.सी. नागपुर भी दिखाई दे रहे है।



श्री जी.ए. रसिद वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तथा सचिव शैक्षणिक संस्थान बैंगलोर श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एन.एस.आई. तथा समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा 16 जुलाई 2007 को बैंगलोर में वेतन बचत दिवस के अवसर पर प्राप्त स्मृति चिन्ह दिखाते हुये। साथ ही (बायें से दायें) श्री राजू बाबु, क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.आई. बैंगलोर, श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एन.एस.आई, श्री विजय शंकर, वरिष्ठ अधिक्षक बैंगलोर (दक्षिण विभाग) और श्री. जे.बी. कुलकर्णी, सहायक महा प्रबंधक स्टेट बैंक, बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है।

## भारत सरकार ने डाक घर बचत खाता 1981 में संशोधन किया

केन्द्रीय सरकारी बचत बैंक अधिनियम 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये वित्त मंत्रालय (आ.का.वि.) के अधिसूचना संख्या जी एस आर 481 (ई.) दिनांक 11 जुलाई 2007 के द्वारा डाकघर बचत खाता नियम – 1981 में संशोधन किया। इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाकघर बचत खाता (संशोधन) नियम – 2007 है। ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख प्रवृत्त होंगे।

इस संशोधन के अंतर्गत ''ऐसा कोई पेंशन भोगी चाहे व्यक्तिगत या अपने पति या पत्नी के साथ संयुक्त रूप से है, जिसके पक्ष में पेंशन संदाय आदेश में परिवार पेंशन के लिये प्राधिकार विद्यमान है'' डाकघर बचत खाता (पेंशन खाता) खोल सकता है। उसी प्रकार रकम निकालने के लिये व्यक्तिगत खातों की दशा में पेंशन भोगी एवं संयुक्त खातों की दशा में संयुक्त खाता धारकों में से कोई भी आहरण के लिये खाते का प्रचालन कर सकता है।




ब्रिगेडियर तविन्दर पाल, निदेशक भारतीय सर्वेक्षण पंजाब एवं चंडीगढ़ राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ़ केन्द्र द्वारा आयोजित वेतन बचत दिवस के अवसर पर वेतन बचत समूह योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिये श्री चंदर पाल, निदेशक, भारतीय सर्वेक्षण हरियाणा को शिल्ड प्रदान करते हुये। साथ ही राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक और श्री बलविन्दर सिंह सहायक निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल 2007 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रैल 2006 तक | | अप्रैल 2007 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 632.57 | 182.91 | 627.34 | - 36.27 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3. | असम | 69.79 | 4.50 | 14.15 | 0.84 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 2.19 | 0.87 | 0.00 | 0.00 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 15.99 | -3.69 | 20.27 | -17.67 |
| 6. | बिहार | 266.73 | 73.56 | 343.13 | 1335.54 |
| 7. | झारखंड | 141.97 | 49.53 | 115.08 | -21.48 |
| 8. | चंडीगढ | 29.07 | -5.66 | 26.28 | -22.56 |
| 9. | दमण एवं दीव | 2.56 | 0.51 | 31.34 | -2.66 |
| 10. | दिल्ली | 508.19 | 97.94 | 375.45 | -205.78 |
| 11. | गोवा | 31.27 | 14.29 | 24.81 | -1.22 |
| 12. | गुजरात | 1003.53 | 276.19 | 899.95 | -168.62 |
| 13. | हरियाणा | 308.22 | 41.78 | 304.18 | -62.78 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 154.91 | 44.46 | 169.88 | -2.47 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 101.07 | 28.62 | 99.96 | -5.92 |
| 16. | कर्नाटक | 486.94 | 107.19 | 386.21 | -147.67 |
| 17. | केरल | 343.37 | 98.90 | 293.09 | -26.27 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.07 | 0.02 | 0.07 | 0.02 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 296.73 | 63.32 | 283.01 | -84.62 |
| 20. | छत्तीसगढ | 98.46 | 25.84 | 95.27 | -33.64 |
| 21. | महाराष्ट्र | 1134.45 | 265.94 | 935.79 | -227.04 |
| 22. | मणिपुर | 0.00 | 0.00 | 5.74 | -1.33 |
| 23. | मेघालय | 14.15 | 3.36 | 12.17 | -2.07 |
| 24. | मिझोरम | 0.00 | 0.00 | 6.55 | -0.68 |
| 25. | नागालैंड | 3.28 | 1.08 | 0.00 | 0.00 |
| 26. | उडीसा | 178.79 | 52.96 | 183.12 | -9.11 |
| 27. | पांडीचेरी | 9.29 | 1.53 | 7.37 | -4.54 |
| 28. | पंजाब | 572.07 | 78.27 | 575.72 | -161.40 |
| 29. | राजस्थान | 451.07 | 23.66 | 459.25 | -225.05 |
| 30. | सिक्कीम | 4.25 | 0.98 | 3.86 | -1.62 |
| 31. | तमिलनाडू | 753.31 | 156.45 | 622.31 | -183.37 |
| 32. | त्रिपूरा | 20.23 | 6.48 | 16.80 | -0.80 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 939.98 | 221.05 | 1034.35 | -111.47 |
| 34. | उत्तरांचल | 133.42 | 31.67 | 145.32 | -9.09 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 988.31 | 385.93 | 1058.08 | -10.01 |
| | कुल | 9696.25 | 2330.44 | 9175.90 | -450.82 |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त प्रारंभिक आंकडे सामन्जस्य अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR